प्रसार भारती
आकाशवाणी केन्द्र शिमला

04.03.2025 / प्रादेशिक समाचार / 18:00 बजे

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सरकार एक आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण के साथ कार्य कर रही है। विकास, विनिर्माण, निर्यात और परमाणु ऊर्जा के इंजन के रूप में सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम पर आज एक वेबिनार को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि देश ने पिछले दस वर्षों में सुधार, वित्तीय अनुशासन, पारदर्शिता और समेकित विकास के प्रति अपनी सतत वचनबद्धता का प्रदर्शन किया है। नरेंद्र मोदी ने कहा कि निरंतरता और सुधारों के आश्वासन ने उद्योग में एक नए विश्वास को जगाया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि एमएसएमई देश के आर्थिक विकास में एक परिवर्तनकारी भूमिका निभाते हैं।

सुक्खू

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने राज्य में वन क्षेत्र को विस्तार देने और संरक्षित करने के लिए महिला मंडलों, युवक मंडलों, स्वयं सहायता समूहों व पंचायतों की भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। शिमला में आज वन विभाग की विभिन्न योजनाओं व परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वन संरक्षण में सेवा प्रदान करने के लिए महिला व युवक मंडलों को मिलेगी प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि नव नियुक्त वन मित्रों को नियुक्ति पत्र शीघ्र प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को नव नियुक्त वन मित्रों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम तैयार करने को कहा। इस कार्यक्रम के माध्यम से वन मित्रों को उनकी भूमिका व जिम्मेदारियों से अवगत करवाया जाएगा और यह कार्यक्रम इस वर्ष के मई माह के पहले सप्ताह से आरम्भ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार वन मित्रों को वर्दी तथा अन्य संबंधित सामग्री के लिए 6 हजार रुपये प्रदान करेगी।

जगत सिंह नेगी

राजस्व व बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि बागवानों की आर्थिकी में वृद्धि करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। सोलन जिला के कोठों में आज युवा क्रांति बुनियादी प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करने के बाद स्थानीय लोगों व बागवानों से विचार विमर्श के दौरान उन्होंने ये बात कही। जगत सिंह नेगी ने कहा कि करीब एक हजार दो सौ हैक्टेयर क्षेत्र में कटिबंधीय फलों के उच्च घनत्व वाले वृक्षों का रोपण किया जा रहा है जिससे 80 किसान समूहों के लगभग साढ़े 6 हजार परिवार लाभान्वित होंगे।

कुलदीप राठौर

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता कुलदीप सिंह राठौर ने केंद्र सरकार पर भारत को मिली 21 मिलियन डॉलर की ऐड के दुरूपयोग का आरोप लगाया है। आज शिमला में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में उन्होंने इस पैसे का महाराष्ट्र चुनाव में दुरूपयोग करने की आशंका जताई है। कुलदीप राठौर ने कहा कि महाराष्ट्र चुनाव में रातों–रात हजारों वोट बना दिए गए। जिस पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी सहित कई नेताओं ने आपत्ति जताई लेकिन चुनाव आयोग ने इस का कोई संज्ञान नहीं लिया।

शिलान्यास

प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति गुरमीत सिंह संधावालिया ने सिरमौर जिला के सरांहा में 10 करोड़ 71 लाख रूपए की लागत से बनने वाले न्यायिक अदालत परिसर का आज वर्चुअल माध्यम से शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस परिसर के बनने से लोगों को न्याय सुविधा मिलने में आसानी होगी।

युवा संसद

युवा कार्यक्रम व खेल मंत्रालय द्वारा विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट कार्यक्रम में भाग लेने के लिए 18 से 25 आयु वर्ग के युवा प्रतिभागी माय भारत पोर्टल के माध्यम से 9 मार्च तक आवेदन कर सकते हैं। नेहरू युवा केंद्र शिमला की जिला युवा अधिकारी मनीषा शर्मा ने बताया कि ये कार्यक्रम जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित किया जाएगा।

———————————